संक्षिप्त

भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित

श्रीमाधोपुर। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय पुष्प नगर श्रीमाधोपुर में वार्षिकोत्सव व भामाशाह सम्मान समारोह ए यू बैंक श्रीमाधोपुर के प्रबंधक सौरभ शर्मा व सेल्स मैनेजर इमरान कुरैशी के मुख्य आतिथ्य में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में ए यू बैंक द्वारा द्वारा विद्यालय के 35 छात्र- छात्राओं को स्वेटर वितरित की गई, इस दौरान संस्था प्रधान अजय कुमार सैनी , उदय करण सिंह अध्यापक, श्रीराम बुनकर अध्यापक , भंवर लाल अध्यापक, सुनीता चेजारा अध्यापिका व निकिता घोसल्या शारीरिक शिक्षिका व नगर के अन्य गण मान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में विद्यालय परिवार की ओर से ए यू बैंक परिवार का आभार व्यक्त कर सम्मान किया गया।

सड़क सुरक्षा की जानकारी दी

बौंली- बामनवास। राजकीय जागेश्वर संस्कृत महाविद्यालय बौंली में पुलिस द्वारा साइबर व सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाकर छात्र-छात्राओं को जानकारी दी बौंली थाने के हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र चौधरी ने बताया कि थाना प्रभारी राधा रमन गुप्ता ने राजकीय जागेश्वर संस्कृत महाविद्यालय के सभागार में एक शिविर आयोजित कर महाविद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को साइबर ठगी व सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत सभी जानकारियां देकर जागरूकता अभियान चलाया।

शहीद दिवस मनाया

श्रीमाधोपुर । श्री राम कॉलेज प्रांगण में शहीद दिवस मनाया गया ।उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शहीद दिवस महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर मनाया जाता है। स्वतंत्रता संग्राम मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई सत्य और अहिंसा का संदेश दिया 30 जनवरी 1948 को उनकी हत्या कर दी गई इस दिन सभी शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाती है जिन्होंने देश की स्वतंत्रता व सम्मान के लिए अपने प्राणों का न्योछावर कर दिया शहीद दिवस का मुख्य उद्देश्य है कि युवाओं में देशभक्ति जागृत करना और शहीदों के बलिदान को याद रखना कार्यक्रम के समापन पर 2 मिनट का मौन धारण किया गया इस दौरान महाविद्यालय व्याख्याता दीपेश सांखला सुरेश सैनी विनोद वर्मा दीपिका अशोक सामोता गीता देवी उपस्थित रहे।

जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों को जेल भेजा

नारायणपुर । थाना क्षेत्र के मालोड़ी की ढाणी में रास्ते को लेकर हुए विवाद में जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दिया हैं। थाना प्रभारी ओमप्रकाश मीणा ने बताया कि 23 सितम्बर को रास्ते को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया था। इस दौरान एक पक्ष ने दुसरे पक्ष पर जानलेवा हमला कर दिया था। मामले की जाँच के बाद पुलिस ने बुधवार को मालोड़ी की ढाणी निवासी आरोपी नंदकिशोर और दीनाराम को गिरफ्तार कर लिया।

एसडीएम ने ली बैठक

निवाई। देवधाम जोधपुरिया में आयोजित भगवान देवनारायण जयंती को लेकर उपखंड अधिकारी कार्यालय में उपखंड अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया की अध्यक्षता मे सभी विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। उपखंड अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया ने निर्देशित करते हुए कहा कि 4 फरवरी को देवधाम जोधपुरिया में लख्खी मेले का आयोजन प्रस्तावित है। मेले में श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए मेले के सफल आयोजन हेतु संपूर्ण कानून व्यवस्थाएं उपलब्ध रहे। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नही हो। बैठक में तहसीलदार नरेशकुमार गुर्जर, अधिशासी अधिकारी मनोहरलाल जाट, विकास अधिकारी राजेश्वरी यादव व सार्वजनिक निर्माण विभाग सहित सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

शहीद दिवस मनाया

निवाई। गांधी पार्क में गुरूवार को राष्ट्रिपता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर शहीद दिवस मनाया गया। कार्यक्रम को शुभारंभ उपखंड अधिकारी सुरेशुमार हरसोलिया ने महात्मा गांधी की प्रतिमा का पूजन कर माल्यार्पण करके किया। ब्रजमोहन ढांगी ने रघुपति राघव राजाराम पतित पावन सीताराम सहित कई संगीतमय भजनों की प्रस्तुतियां दी।

'वनस्थली विद्यापीठ महिला शिक्षा के क्षेत्र में अद्वितीय कार्य कर रही है'

निवाई। वनस्थली विद्यापीठ का 41वाँ दीक्षांत समारोह गुरूवार को आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद अध्यक्ष प्रो. टीजी सीताराम रहे। मुख्य अतिथि प्रो. टीजी सीताराम ने विद्यापीठ के कई प्रमुख केन्द्रों का अवलोकन किया व विद्यापीठ में संचालित गतिविधियों से रूबरू हुए। मुख्य अतिथि अध्यक्ष प्रो. टीजी सीताराम ने कहा कि विश्व में महिलाओं की सबसे बड़ी आवासीय शिक्षण संस्था के दीक्षान्त समारोह में आकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। आज सभी दीक्षार्थियों के लिए उत्सव का दिन है। आज आपके कठिन परिश्रम, समर्पण एवं दृढता का फल आपको मिल रहा है। उन्होंने सभी दीक्षार्थियों को बधाई दी। उन्होंने अभिभावकों एवं उनके परिवार सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आपके त्याग, उत्साह और

वनस्थली विद्यापीठ के दीक्षांत समारोह में मंचासीन अतिथि।

विश्वास के परिणाम स्वरूप आज आपकी भावी पीढ़ी उज्ज्वल भविष्य की तरफ कदम बढ़ा रही है। वनस्थली की लीडरशिप भी प्रशंसा के पात्र है कि उन्होंने महिला शिक्षा के क्षेत्र में अद्वितीय कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि आज तक मैंने अपने जीवनकाल में इस तरह की विश्वस्तरीय घुड़सवारी, फ्लाईंग नहीं देखी। शिक्षा सशक्तिकरण का माध्यम है परन्तु यहाँ पर जिस तरह की बहुविषयक पारंपरिक एवं नवाचार से युक्त आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस का समिश्रण है। इससे ही विकसित भारत 2047 की परिकल्पना साकार होगी।

- **4 हजार 338 छात्राओं को प्रदान की उपाधियाँ**

उन्होंने कहा कि आप अपने आईडियास् को विश्व पटल पर लेकर जॉब क्रियेटर बनें। आप सभी को उभरते हुए तकनीकी क्षेत्रों में काम करना होगा। उन्होंने कहा कि महिला नेतृत्व से ही भारत अग्रणी बनेगा। उन्होंने कहा कि चन्द्रयान की सफलता में महिला शक्ति का अहम योगदान रहा है। उन्होंने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षण संस्थाओं की भीड़ में वनस्थली विद्यापीठ ने अलग मुकाम हासिल किया है और न केवल देश में अपितु विदेशों में ख्याति हासिल की है। इस दौरान स्वागत द्वार पर पर मुख्य अतिथि का विद्यापीठ के अध्यक्ष प्रो. सिद्धार्थ शास्त्री, उपाध्यक्ष, प्रो. ज्योति पारीक, कुलपति प्रो. ईना आदित्य शास्त्री, सेन्टर फॉर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के निदेशक डॉ. अंशुमान शास्त्री व कोषाध्यक्ष प्रो. सुधा शास्त्री ने स्वागत किया। वनस्थली सेवा दल के बैंड द्वारा राष्ट्रीय सलामी के उपरान्त छात्राओं ने पारंपरिक शैली में तिलक लगाकर एवं सूत की माला पहनाकर स्वागत गान के साथ अभिनन्दन किया। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि प्रो. टीजी सीताराम ने वनस्थली की मूल प्रेरणा शक्ति स्थल श्री शांताबाई शिक्षा कुटीर व संस्थापकों के निवास स्थान गाँधी घर का अवलोकन किया। कुलपति, प्रो. ईना आदित्य शास्त्री द्वारा मुख्य अतिथि को इन स्थानों की महत्ता से अवगत कराया। तदुपरांत मुख्य अतिथि लक्ष्मीबाई मैदान में ध्वजारोहण कर वनस्थली सेवादल द्वारा प्रस्तुत परेड में सम्मिलित हुए।

साइबर क्राइम को लेकर पुलिस ने किया जागरूक

नारायणपुर। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान के तहत गुरुवार को मास्टरमाइंड इंग्लिश मीडियम स्कूल में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व उप निरीक्षक ओमप्रकाश मीणा ने किया, जिसमें विद्यार्थियों और विद्यालय स्टाफ को यातायात नियमों और साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। इधर बासदयाल थाना क्षेत्र में भी थानाधिकारी प्रदीप सिंह और पुलिसकर्मी अमरसिंह ने रसनाली तारा माध्यमिक विद्यालय में बच्चों को सड़क पर सुरक्षित रहने के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग, सड़क संकेतों की पहचान और ड्राइविंग के दौरान सतर्कता बरतने की आवश्यकता पर जोर दिया। इसके साथ ही, साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों पर चर्चा करते हुए पुलिस अधिकारियों ने ऑनलाइन फ्रॉड से बचने, सोशल मीडिया के सुरक्षित इस्तेमाल और व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता बनाए रखने के उपाय बताए।

नुक्कड़ नाटक के जरिये दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

पावटा। विराटनगर में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत विराट नगर वृत्त कार्यालय व विराटनगर थाना पुलिस ने अनोखी पहल की। गुरुवार को विराटनगर सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस कर्मियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया।

यातायात पुलिस की ओर से कराए गए नाटक में वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन न करने के गंभीर परिणामों से अवगत कराया। विशेष रूप से तेज रफ्तार वाहन चलाने, मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए गाड़ी चलाने और हेलमेट या सीट बेल्ट का उपयोग न करने से होने वाली दुर्घटनाओं पर प्रकाश डाला गया।

इस दौरान वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत ने बताया कि 1 से 31 जनवरी तक चल रहे

यातायात पुलिस की ओर से नाटक में वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन न करने के परिणामों से अवगत कराया।

सड़क सुरक्षा माह के दौरान स्कूल, कॉलेज और सार्वजनिक स्थानों पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सड़क हादसों को रोकने के लिए यह पहल है, जिसके माध्यम से लोगों को यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया जा रहा है।नाटक के दौरान सड़क सुरक्षा के महत्व को दर्शकों के सामने रखने की कोशिश की। लापरवाही से वाहन चलाने के कारण होने वाली सड़क दुर्घटना के दुष्परिणाम को संवेदनशील और प्रभावी ढंग से दर्शाया गया।

महामण्डल अनुष्ठान का समापन आज

निवाई। सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में आचार्य इन्द्रनन्दी महाराज एवं मुनि निपूर्णनन्दी महाराज संघ के सानिध्य में आयोजित 16 दिवसीय भक्तामर महामण्डल अनुष्ठान का समापन शुक्रवार को विश्व शांति महायज्ञ के साथ पूर्णाहुति की जाएगी। मीडिया प्रभारी विमल जौंला एवं सुनील भाणजा ने बताया कि विधान अनुष्ठान में सोधर्म इन्द्र कजोड़ मल, विमलकुमार सेदरिया व सुरेशकुमार रामनगर एवं धनपति कुबेर मनोजकुमार सोगानी रवासा एवं 25 पुण्यार्जक इन्द्र-इन्द्राणियों को इन्द्र बनने का सोभाग्य प्राप्त हुआ। भक्तामर विधान में सभी इन्द्र इन्द्राणियों ने भक्ति के साथ 3 काव्यों की संगीतमय पूजा अर्चना की। विधान के समापन पर शुक्रवार को सभी श्रद्धालु विश्व शांति महायज्ञ के हवन कुण्डों में आहुतियां देंगे। सुनील भाणजा एवं विमल जौंला ने बताया कि 31 जनवरी को अग्रवाल सेवा सदन में नवीन बेंक्विट हाल का निर्माण किया जाएगा।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर किए श्रद्धासुमन अर्पित

टोंक। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि (शहीद दिवस) पर गुरुवार को गांधी पार्क स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं शहीदों को याद किया गया। इस दौरान गांधी के प्रिय भजनों 'वैष्णव जन तो तेने कहिये, रघुपति राघव राजा राम, श्री राम जय राम, तू ही है तो सहारा' का गायन किया। इस दौरान जिले के प्रशासनिक अधिकारी समेत अन्य

- **गांधी पार्क स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की**

जनप्रतिनिधि, जिला अधिकारी कर्मचारियों ने मौन रखकर बापू को स्मरण किया।

इसी प्रकार पुलिस अधीक्षक कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धाजंली दी गई। इस अवसर पर अति.पुलिस अधीक्षक गीता, महिला अपराध

जिला अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी समेत अन्य जनप्रतिनिधि, कर्मचारियों ने मौन रखकर बापू को स्मरण किया।

अनुसंधान सै टोंक व कार्यालय के सभी अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें।

इस अवसर पर प्रिय भजन का गायन किया गया। इसी प्रकार जिला कांग्रेस कमेठी ने भी जिलेभर के कांग्रेसियों व गणमान्य नागरिको के साथ गांधी पार्क परिसर में स्थापित महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। अवसर पर जिलाध्यक्ष हरि प्रसाद बैरवा ने कहा कि महात्मा गांधी ने विश्व को सत्य एवं अहिंसा का मार्ग दिखाया, सत्याग्रह के रास्ते पर चलकर अपनी आवाज को बुलन्द करने की प्रेरणा दी। उनके विचार और आदर्श सदेव जीवित रहेगें तथा हमारा मार्गदर्शन करेंगे। इस मौके पर सोशल मीडिया प्रभारी जर्रार खान, संगठन महासचिव दिनेश चौरासिया, ब्लॉक अध्यक्ष कैलाशी देवी मीणा, अशोक महावर, मणिन्द्र बैरवा सेवादल अध्यक्ष अब्दुल खालिक, इम्तियाज खान, इरशाद खान सेवादल, मुराद गांधी, मोती बैरवा सेवादल, बाबूलाल वर्मा, शबाना बी, शोकत हुसेन, सीपी मेहता, आमिर इत्यादि उपस्थित रहे।

निर्वाचित पार्षदों के नाम पर लगाएं गये साइन बोर्ड का मामला

देवली । देवली पालिका प्रशासन के द्वारा पूर्व में करवाएं गये कार्यों मैं हुए भ्रष्टाचार की परत दर परत उभरकर सामने आ रही है। सूत्रों से मिली जानकारी पर मामला यह सामने है कि। 2021 में देवली पालिका प्रशासन ने लोहे के पाइपों का जो साइन बोर्ड 59 हजार की लागत पर बनवाया वही साइन बोर्ड आज भी बाजार में 5 से 7 हजार रुपए के खर्चे पर आसानी से खरीद लिया जाता है।

ऐसे में पालिका प्रशासन ने 2021 में एक साइन बोर्ड पर 58 हजार 9 सौ 60 रुपए खर्च कर डाले है। यह जानकारी उक्त दौरान की ई निविदा के दस्तावेजों से प्राप्त हुई है। हुआ यह है कि देवली पालिका के अधिशासी अधिकारी कार्यालय ने 10 मार्च 2021 को पत्र संख्या 3168 पर ई निविदा जारी करके कार्य से संबंधित ठेकेदारों को आमंत्रित किया था। इस दौरान पालिका ने शहर में 25 वार्डों से निर्वाचित पार्षदों के नाम 25 साइन बोर्ड लगवाने की योजना बनाई थी। उक्त दौरान 2021 में पालिका प्रशासन ने इन साइन बोर्ड के नाम 14 लाख 74 हजार रुपए खर्च करने की योजना बनाकर ई निविदा जारी कर डाली थी।

इस दौरान पालिका प्रशासन ने शहर के 25 वार्डों से निर्वाचित पार्षदों

- **जो साइन बोर्ड 59 हजार की लागत पर बनवाया, वही साइन बोर्ड बाजार में 5 से 7 हजार रुपए का हैं**

के नाम प्रत्येक वार्ड में एक-एक साइन बोर्ड लगवा कर स्थापित करवा दिये गये थे। उक्त कार्य में हुए भ्रष्टाचार को लेकर अब यहां देखने वाली बात तो यह है कि उक्त दौरान पालिका प्रशासन ने प्रत्येक वार्ड में एक-एक साइन बोर्ड पार्षदों के नाम लगवाया। वहीं साइन बोर्ड आज भी बाजार में 5 से 7 रुपए के खर्चे पर आसानी से बन जाता है।

लेकिन यहां भ्रष्टाचार की नीति के चलते सरकारी धन को चुना लगाने की नियत पर उक्त एक साइन बोर्ड पर पालिका प्रशासन ने 58 हजार 9 सौ 60 रुपए खर्च कर डाले। उल्लेखनीय है कि पालिका के द्वारा करवाए गए या करवाएं जारहे कार्य में भ्रष्टाचार की चढ़ी परत दर परत के बीच फिर से यह मामला सामने आया है । इतना ही नहीं आपको यह जानकर हैरानी होगी कि देवली नगर पालिका प्रशासन ने 4 वर्ष पूर्व जिन 25 साइन बोर्ड पर 14 लाख 74 हजार रुपए खर्च कर डाले आज उनकी दुर्दशा कबाड़ के रूप में दिखाई दे रही है।

विद्यालय में भामाशाह और पूर्व विद्यार्थी सम्मान समारोह आयोजित

फुलेरा। कस्बे के गोरधनपुरा में संचालित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को प्रात: 11 बजे वार्षिकोत्सव विद्यालय के प्रधानाचार्य शंकर लाल मीणा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद श्रवण वर्मा रहे तो वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षाविद् भंवर लाल कुमावत, अमर चन्द कुमावत, राजकुमार सैनी, रामपाल कुमावत रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में आगन्तुक अतिथियों के द्वारा मां शारदे के छायाचित्र के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तत्पश्चात विद्यालय परिवार के द्वारा अतिथियों का माला साफा पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान कर स्वागत अभिनन्दन किया गया।

वहीं कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इसी बीच कार्यक्रम में विद्यालय के पूर्व

भामाशाह का सम्मान करते हुए ।

विद्यार्थी और भामाशाहों का सम्मान भी किया गया। इसके अलावा वहीं कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विकास कार्यों में योगदान देने वाले भामाशाहों, पूर्व विद्यार्थियों सहित उत्कृष्ट प्रतिभाओं का विशेष सम्मान भी किया गया।

इसी क्रम में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्षद श्रवण वर्मा ने बालिका शिक्षा की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करने का आव्हान किया।

इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद भंवर लाल ने कहा कि शिक्षा समाज का दर्पण है। सभी विद्यार्थियों को मन लगाकर अध्ययन करना चाहिए। वहीं उन्होंने विद्यालय परिवार

- **विद्यालय के विकास कार्यों में योगदान देने वाले भामाशाहों, पूर्व विद्यार्थियों सहित उत्कृष्ट प्रतिभाओं का विशेष सम्मान भी किया गया**

के कार्यों की सराहना की।

इसके साथ ही प्रधानाचार्य शंकर लाल मीणा ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आगन्तुकों का आभार प्रकट किया। मंच के दौरान मंच का संचालन जतिन ग्रोवर और जी.एल. जांगिड़ के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ अध्यापक गिरधारी लाल जांगिड़, नीलम चौहान, निधि कुमारी, भावना सोनी, सरोज जाट, ऊषा कुमावत, सुमन नारनौलिया, सीमा सोलोमन, संजू मीणा, अनिता चौधरी, रामवतार पारीक सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धाजंलि

कोटपूतली। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित शहीद दिवस पर गुरुवार को जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट परिसर में महात्मा गांधी की तस्वीर पर सूत की माला पहनाकर व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं रामधुन का आयोजन कर महात्मा गांधी को याद किया। जिला कलक्टर ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य-अंहिसा की राह पर चलकर देश को आजादी दिलाई, महात्मा के आदर्शो में जीवन का सार है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य-अंहिसा का सिद्धान्त एवं शिक्षाएं आज के परिप्रेक्ष्य में भी पूर्णत: सार्थक हैं। वर्तमान में हमें सत्य और अहिंसा को अपनाते हुए गांधी आदर्शों के साथ सत्यनिष्ठा व कर्तव्यों का पालन करना चाहिए. युवा उनके मार्ग पर चलकर देश को विकसित देश के रूप में स्थापित करने का प्रयास करें।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण ने कहा कि आज के समय में महात्मा गांधी के विचारों की प्रासंगिकता बढ़ती जा रही है. अहिंसा और शांति पर उनके उपदेश आज भी दुनिया भर के लोगों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं।

सार-समाचार

सड़क सुरक्षा चर्चा

जयपुर। मुस्कान फाउंडेशन फॉर रोड सेफ्टी एवं यदुराज फाउंडेशन द्वारा सड़क सुरक्षा चर्चा चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन राजकीय शास्त्री संस्कृत कॉलेज, महापुरा, जयपुर में किया गया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा एवं प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज के 150 विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के आयोजन में पूर्व प्रधान महापुरा श्री हरसहाय यादव का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। इस अवसर पर भांकरोटा पुलिस थाने के अधिकारी, महापुरा ग्राम पंचायत के सरपंच श्री हनुमान सहाय चौधरी एवं स्थानीय नेता व शिक्षकगण उपस्थित थे। मुस्कान फाउंडेशन की ट्रस्टी डॉ. मृदुल भसीन ने ग्रामीण क्षेत्र में सड़क सुरक्षा चौपाल के माध्यम से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता की आवश्यकता पर जोर दिया। मुस्कान फाउंडेशन की टीम की ओर से नेहा खुल्लर और समीर नैनावत ने वर्तमान सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों के बारे में जानकारी दी और बताया कि हर साल होने वाली सड़क दुर्घटनाओं से मौतों में 76 प्रतिशत मौतें ग्रामीण क्षेत्रों में होती हैं, जो एक गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने विडियों तथा बातचीत के माध्यम से दुर्घटनाओं के कारणों और सड़क सुरक्षा उपायों पर प्रकाश डाला। छात्रों को बताया गया कि दो-पहिया वाहनों में दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों की उम्र 18-45 वर्ष की होती है।

जमानत अर्जी खारिज

मालपुरा। मालपुरा उपखण्ड क्षैत्र के पचेवर, डिग्गी, लाम्बाहरिसिंह व मोर थाने मे दर्ज गौतस्करी,अपहरण व बलात्कार का प्रयास सहित एनडीपीएस एक्ट के मामलो मे चार आरोपियो की और से गुरूवार को एडीजे न्यायालय मालपुरा मे लगाई जमानत याचिका को न्यायालय ने किया खारिज। न्यायालय से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी ईमरान के विरूद्ध पचेवर थाने मे व आरोपी मकसुद के विरूद्ध मोर थाने मे राजस्थान गौवंश पशु अधिनियम व पशु क्रुरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज है। तो तीसरे आरोपी पवन कुमार के विरूद्ध डिग्गी थाने मे अपहरण व बलात्कार का प्रयास का मामला दर्ज है तो चौथे आरोपी दिनेश कुमार के विरूद्ध लाम्बाहरिसिंह थाने मे मादक पदार्थ तस्करी अधिनियम एनडीपीएस एक्ट मे मामला दर्ज है। आरोपी ईमरान,पवन व दिनेश न्यायिक अभिरक्षा के दौरान न्यायालय मे जमानत की अर्जी लगाई गई थी। जिसे न्यायालय ने खारिज किया तो आरोपी मकसुद की और से लगाई गई अग्रीम जमानत याचिका खारिज हुई। चारो ही मामलो मे अपरलोक अभियोजक विनय कुमार जैन द्वारा सरकार की और से की गई ठोस पैरवी पर न्यायालय ने चारो आरोपियो की जमानत अर्जी खारिज के दिये आदेश।

तेजाजी महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित

कोटपूतली। गौरक्षक सत्य और शौर्य के प्रतीक लोक देवता वीर तेजाजी महाराज की जयंती पर गुरूवार को कोटपूतली में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर राजस्थान जाट महासभा के अध्यक्ष राजाराम मील ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये युवा एवं उपस्थित लोगों से तेजाजी के आदर्शों को जीवन में अपनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि तेजाजी महाराज का जीवन हमें सत्य, साहस, नि:स्वार्थ सेवा व धर्म के प्रति अटूट आस्था की प्रेरणा देता है। उन्होंने ना केवल पशुधन की रक्षा की बल्कि समाज में न्याय और समरसता का संदेश भी दिया। उन्होंने वीर तेजाजी महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। जिलाध्यक्ष एड. मनोज चौधरी ने वीर तेजाजी को पुष्पांजलि अर्पित करते हुये कहा कि वीर तेजाजी का बलिदान हमें यह सिखाता है कि धर्म और कर्तव्य की राह पर कोई भी बाधा हमें रोक नहीं सकती। जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी व तहसील अध्यक्ष जसवंत माठ ने राजाराम मील का कोटपूतली पहुंचने पर माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान युवा जाट महासभा के अध्यक्ष पुष्पेंद्र चौधरी, उपाध्यक्ष संदीप मान, प्रियांशु चौधरी, कृष्णा चौधरी, अखिलेश चौधरी, सक्षम चौधरी समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कलक्टर ने राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि दी

दौसा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर गुरुवार को यहां जिला कलक्ट्रेट प्रांगण में शहीद दिवस मनाया गया। जिला कलक्टर देवेंद्र कुमार ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने राष्ट्रपिता एवं अन्य शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। अतिरिक्त जिला कलक्टर सुमित्रा पारीक, अतिरिक्त जिला कलक्टर लालसोट मनमोहन मीणा, उपखण्ड अधिकारी मूलचंद लूणिया, नायब तहसीलदार रमेश वर्मा, अनिल कुमार शर्मा, नजीर रजत शर्मा, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी रमेश पहाडिया एवं अशोक कुवाल सहित अन्य अधिकारी.कार्मिकों ने महात्मा गांधी के छाया चित्रा पर पुष्पांजलि अर्पित की। गायक कलाकार घनश्याम प्रजापत, गौरव शर्मा, पंकज शर्मा एवं गिरीश शर्मा ने रामधुनी व गांधीजी के प्रिय भजनों का गायन किया गया। कार्यऋम का मंच संचालन जिला समन्वयक ;स्वीप राजवीर चौधरी ने किया। इस अवसर पर जिला कलक्ट्रेट के सभी कार्मिक उपस्थित थे।

193 मरीजों का नि:शुल्क ऑपरेशन

कोटपूतली। किस्तुरी देवी मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में किस्तुरी देवी की 06 वीं पुण्यतिथि पर मिश्री देवी आई हॉस्पिटल बहरोड़ के सहयोग से विगत 26 जनवरी को आयोजित हुये आँखों के विशाल नि:शुल्क चिकित्सा एवं लैस प्रत्यारोपण शिविर में चिन्हित मरीजों को नि:शुल्क ऑपरेशन के लिये 29 जनवरी को 101 व 30 जनवरी को 92 मरीजों को मित्तल स्माईल केयर ड़ाबला रोड़ से बस द्वारा बहरोड़ ले जाया गया। जिन्हें ऑपरेशन के पश्चात वापस यही छोड़ा गया। यह जानकारी भाजपा जिला कोषाध्यक्ष शशि मित्तल ने दी।

डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता संपन्न

चाकसू। राजकीय कन्या महाविद्यालय चाकसू में 27 जनवरी से 31 जनवरी के मध्य आयोजित सांस्कृतिक एवं खेलकूद सप्ताह के अंतर्गत डिस्कस थ्रो (तस्करी फेक) प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर ए.एल. कुलहरी ने छात्राओं को डिस्कस थ्रो के बारे में बताते हुए कहा कि यह एक प्राचीन खेल है। इसमें मज़बूत शारीरिक शक्ति और डिसकस(तश्तरी)फेंकते समय अच्छे शरीर संतुलन की आवश्यकता होती है।डिस्कस थ्रो के नियम बताते हुए कार्यक्रम प्रभारी डॉक्टर अनुराधा शर्मा ने बताया कि इसमें उंगलियां थोड़ी सी फैली हुई होती है और संतुलन के लिए अंगूठे का उपयोग किया जाता है और एथलीट 2.5 मीटर व्यास के एक सर्कल से तस्तरी फेंकता है। छात्राओं ने नियमों का पालन करते हुए इस प्रतियोगिता को संपन्न किया। इस प्रतियोगिता में तृतीय वर्ष की मनीषा गुर्जर 29 फीट दूरी से प्रथम स्थान पर रही।द्वितीय स्थान द्वितीय वर्ष की निधि वर्मा ने प्राप्त किया और तृतीय स्थान पर तृतीय वर्ष की आरती गुर्जर रही। प्रतियोगिता डॉ.मंजूलता शर्मा के निर्देशन में पूर्ण हुई।

वाहन की टक्कर से युवक की मौत

मालपुरा। गुरूवार को डिग्गी थाना क्षैत्र के लावा गांव मे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से अनियंत्रित हो कुंऐ की मुंडेर से टकराई बाईक के बाद उछलकर कुंऐ मे गिरे युवक की हुई मौत। धमाके की आवाज सुन बडी संख्या मे कुंऐ के पास पहुंचे ग्रामीणो ने कुंऐ मे गिरे युवक बालापुरा निवासी खुशीराम जाट को बचाने का भरकस प्रयास किया लेकिन तब तक युवक ने दम तोड दिया। ग्रामीणो ने बताया कि मृतक युवक खुशीराम गुरूवार को अपने गांव बालापुरा से बाईक पर सवार हो निवाई के पास सिरोही अपने रिश्तेदारो के यहां सामाजिक कार्यक्रम मे शामिल होने जा रहा था। लावा के पास अचानक एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से अनियंत्रित हुई बाईक सडक के पास ही बने कुंऐ की मुंडेर से जा भिडी। बाईक की मुंडेर से हुई भिंडत के बाद खुशीराम उछलकर कुंऐ मे जा गिरा व अकाल मौत का ग्रास बन गया। युवक की मौत से गांव व परिवार मे शौक की लहर दौड गई। जिसने भी सुना आंखो से आंसु झलक पडे।